## सार-समाचार

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक आयोजित

**चूरू** (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) जिला चूरू की जिला बैठक जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा की अध्यक्षता मे प्रातः 10 बजे श्रीमती केशर देवी सोती आदर्श विद्या मंदिर चूरू में आयोजित की गई। प्रवासी कार्यकर्ता श्याम सुंदर स्वामी (विभाग संगठन मंत्री झुंझुनू), कृष्ण कुमार सैनी(प्रदेश संयोजक,मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान), जिला मंत्री मनोज कुमार, वरिष्ठ सदस्य जगदीश जोशी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का विधिवत शुभारम्भ किया। बैठक के प्रारंभ में जिला मंत्री मनोज गौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने संगठन की गतिविधियों एवं आगामी सत्र की सदस्यता पर विस्तृत चर्चा की। जिले के सभी खंड अध्यक्ष और मंत्रियों ने अपने-अपने खण्डों की गतिविधियों का प्रतिवेदन और आगामी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके उपरांत कृष्णकुमार सैनी ने शिक्षक संगठन की विकास यात्रा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि आज संगठन जो एक विशाल वटवृक्ष के रूप में विद्यमान है, इसे कार्यकर्ताओं ने विषम चुनौतियों का सामना करके खडा किया है। शिक्षक संगठन का नाम जो कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय था वो अब परिवर्तित होकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) राजस्थान हो गया है। पूरे राष्ट्र स्तर पर संगठन का एक ही नाम हो गया है।हमें इसे उत्तरोत्तर सुदृढ़ बनाना है।कार्यकर्ताओं की एकता और ऊर्जा संगठन को दृढ़ बनती है। उन्होंने आगामी शिक्षा सत्र 2026-27 के सदस्यता अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और प्रदत्त लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में प्राप्त करने का आवाहन किया। मीडिया प्रभारी कन्हैयालाल सैनी ने बताया कि द्वितीय सत्र में संगठन की विचारधारा और रचना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग, कर्तव्य बोध दिवस, नवसंवत्सर कार्यक्रम का महत्व बताया।

### बाबा साहेब की जयंती 14 अप्रैल को

**झुंझुनूं**, (निसं)। अंबेडकर भवन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर प्रस्तावित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमर सिंह धीरज ने की। बैठक की शुरुआत में समाजसेवी एवं भामाशाह मोतीलाल टाक निवासी डाबड़ी के पुत्र सुरेंद्र के निधन पर उपस्थित सभी लोगों ने शोक व्यक्त किया। इसके बाद जयंती समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अमर सिंह धीरज ने बताया कि बाबा साहेब की जयंती 14 अप्रेल 2026 को सुबह 10 बजे अंबेडकर भवन में मनाई जाएगी। समारोह को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों से सहयोग करने का आ ान किया गया। उन्होंने बताया कि इसी अवसर पर अंबेडकर भवन के निर्माण व विकास में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में संस्थापक महावीरप्रसाद सानेल, डॉ. संपत्तराम बारूपाल, ओंकारमल पूर्व सरपंच, डॉ. भंवरलाल सर्वा डिप्टी सीएमएचओ, बनवारीलाल घोटड, रामदेव, तनसुख सानेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

**रतनगढ़** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत रतनगढ़ शहर मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न विषयों पर कुल सात सत्र आयोजित कर कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धित, बूथ प्रबंधन एवं आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।शिविर में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, भागीरथ सिंह राठौड, बजरंग गुर्जर, ओम महर्षि, गोपाल मारू, अभय सोनी एवं नरेन्द्र काछवाल सहित कई वक्ताओं ने अलग-अलग सत्रों में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा सोशल मीडिया व नमो ऐप के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। संचालन मंडल महामंत्री डॉ.अरुण कुमार शर्मा ने किया। सभी कार्यकर्ताओं ने क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### शिक्षक संघ शेखावत का अधिवेशन सम्पन्न

**रतनगढ़** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा रतनगढ़ का वार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकारिणी चुनाव रविवार को शिक्षक भवन में उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में शिक्षकों की भागीदारी रही, जिससे संगठन की मजबूत एकजुटता देखने को मिली। अधिवेशन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा व्यवस्था चुनौतियों से घिरी हुई है तथा निजीकरण, संसाधनों की कमी और गैर-शैक्षिणक कार्यों के दबाव के चलते शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में शिक्षकों को संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा।चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई। इसमें भोजराज शर्मा अध्यक्ष, मुरलीधर अजमेरिया मंत्री, बाबूलाल मुंदलिया कार्यकारी अध्यक्ष तथा पन्नालाल जांघू कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अन्य पदों पर भी कार्यकारिणी का गठन किया गया।अंत में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा शिक्षा बचाने और शिक्षक हितों की रक्षा के संकल्प के साथ अधिवेशन का समापन हुआ।

### 'राष्ट्र निर्माण के लिए बच्चों में संस्कार जरूरी'

**चूरू** (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेस में रविवार को बच्चों को जीवन जीने के संस्कार और तरीके बताए। इस दौरान बच्चों को नियमित अध्ययन में महापुरुषों के जयकारे, पंचामृत, पांच श्लोक, प्रार्थना, नित्य जरूरी नियम, संकीर्तन और हनुमान चालीसा का अभ्यास करवाया गया। इससे पूर्व श्याम भोजक, संजय सिंघानिया, रेनू बजाज, माधुरी शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर गीता क्लासेज का शुभारम्भ किया। निरंजन देव आचार्य ने नित्य अध्ययन के साथ 12 वें अध्याय का पाठ करवाया। इस दौरान बच्चों को गीता लिखने के लिए बुक्स दी गई। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज अब बच्चों को रोजगार भी उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए बच्चों में संस्कार जरूरी है। इस अवसर पर पवन दाधीच, दिव्या शर्मा, दिव्या भाटी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंह ने किया।

### ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान को मिला सहयोग

**सीकर** (निसं)। ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान, सीकर को ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा सहयोग मिला है। टोंक छिलरी, जिला झुंझुनू के मूल निवासी हरफूल सिंह चौधरी, निदेशक, एच.एस.सी. इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने संस्थान को 9,80,000 रुपए का चंदा भेंट किया है। संस्थान के अध्यक्ष झाबरमल और कार्यकारिणी सदस्यों ने हरफूल सिंह चौधरी के निवास धापु रेजिडेंसी, नवलगढ़ रोड, सीकर पहुंच कर उनका शाल, साफा व माल्यार्पण कर सम्मान किया और आभार व्यक्त किया। संस्थान कोषाध्यक्ष रामनिवास मील ने बताया कि हरफूल सिंह चौधरी संस्थान को अब तक 28.30 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करा चुके हैं। इस अवसर पर भामाशाह के प्रेरणा स्त्रोत श्रीमान विद्याधर सेवदा का भी सम्मान किया गया। संस्थान प्रबंधन परिवार ने भामाशाह के परिवार का आभार व्यक्त किया और उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया।

### यूथ फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नोहर**, (निसं)। आज स्थानीय बालकृष्ण बिहानी स्टेडियम में जिला युथ फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन नायिक मजिस्ट्रेट डिम्पल कुमार ओर पूर्व प्रधान उर्मिला बिजारणियां ने संयुक्त रूप से किया। इस जिला स्तरीय यूथ फुटबॉल प्रतियोगिता से जिले की 18 सदस्यीय टीम चुनी जाएगी, जो कि चित्तौडगढ़ में 6 अप्रैल से होने वाली राजस्थान स्टेट युथ फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी।
अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉक्टर प्रेम कुमार कस्वाँ, डॉक्टर मोनिका कस्वाँ, मुकेश मिश्रा ओर विजय किशोर महिया थे। इस मौके पर राजीव पारीक, कोच जुल्फिकार पठान, कोच गुलफान खान, मनोज स्वामी, पवन कुमार शर्मा, अशोक, प्रयाग सिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### श्री श्याम समृद्धि स्तोत्र का विमोचन

**नोहर**, (निसं)। श्री खाटू श्याम प्रभु की बहुत ही अदभुत रचना श्री श्याम समृद्धि स्तोत्र का शुभ विमोचन विधि विधान से श्री श्याम मंदिर ममेरा रोड ऐलनाबाद में चैत्र शुक्ला एकादशी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत माता आश्रम नोहर के महंत योगी रामनाथ अवधूत द्वारा किया गया। श्री श्याम समृद्धि स्तोत्र की रचना आचार्य खुशीराम गौड़ द्वारा की गई है जिसका श्याम प्रेमियों द्वारा घर में पाठ करने से अद्भुत लाभ मिल रहा है। इस विमोचन के अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी ओर विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

# 'चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले मरीजों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए'

- 'हीट वेव के मध्यनजर सभी व्यवस्थाएं रखें'
- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने सभी आधिकारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले किसी भी मरीज को किसी भी दवा और जांच के लिए परेशान नहीं होना पड़े।

उन्होंने आने वाले समय में गमी बढ़ने पर हीट वेव से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की बकाया आभा आईडी बनाने और आभा आईडी से पर्ची काटने के निर्देश दिए। साथ ही आभा आईडी के प्रमोशन के लिए सभी अस्पताल में क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने सभी समुचित प्राधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में शिशु लिंग परीक्षण की गहनता से निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ पीसीपीएनडीटी मुखबिर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर डिकॉय ऑपरेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी सभी अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक रूप से होनी चाहिए। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सभी मा योजना, जांच और दवा योजना, सुरक्षित मातृत्व सेवाएं, टीकाकरण, मौसमी बीमारियों सहित विभागीय योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में कम टीआईडी बुक करने वाले संस्थानों के प्रभारियों को इसको बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जेएसवाई एवं लाडो प्रोत्साहन योजना का लाभ नहीं देने की पेंडेंसी को तीन दिन में आवश्यक डॉक्यूमेंट्स मंगवाकर भुगतान कर दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह ने शिशु और मातृ स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने मौसमी बीमारियों और एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा की। डीपीसी डॉ. जितेंद्र सिंह ने एमएनडीवाई की समीक्षा की। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अरुण अग्रवाल ने परिवार कल्याण कार्यक्रम और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम की समीक्षा की।

बैठक में सीएमएचओ ने टीबी कंट्रोल कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बताया कि सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान की रिपोर्टिंग प्रति दिन करनी है। पोर्टेबल एक्स रे मशीन से ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग की जाए संदिग्ध मिलने पर नॉट मशीन से जांच करवाई जाए। बैठक में बीडीके अस्पताल पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू, एसडीएच मलसीसर पीएमओ डॉ. सतवीर सिंह, खेतड़ी पीएमओ डॉ. अक्षत शर्मा, चिड़ावा पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़, डीपीओ डॉ. विक्रम सिंह, सियाराम पूनियां, एसओ सुभाषचंद्र, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा सहित सभी बीसीएमओ एवं सीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत शुक्रवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अवार्ड समारोह में जिले में 72 परसेंट ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करवाने पर जिले को सम्मानित किया गया। यह सम्मान सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर के प्रतिनिधि के तौर पर डीटीओ डॉ. विजय मांजू ने प्राप्त किया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने जिले को सम्मानित होने पर सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, डीटीओ डॉ. विजय कुमार और पूरे स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा जिले की सभी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को पूर्ण करने की बात दोहराई।

## तीसरी बार प्रदेश मंत्री बनने पर लुगरिया का अभिनंदन किया

**चूरू** (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड के आवास पर रविवार को सीताराम लुगरिया के लगातार तीसरी बार भाजपा प्रदेश मंत्री बनने पर विधायक हरलाल सहारण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सीताराम लुगरिया भाजपा के एक कर्मठ कार्यकर्ता हैं उनको तीसरी बार एससी मोर्चा का प्रदेश मंत्री का दायित्व मिलना हम सबके लिये गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सर्व समावेशी पार्टी है। यहां साधारण कार्यकर्ता को दायित्व देकर उनका मान बढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि एससी मोर्चा द्वारा जिस प्रकार प्रदेश में गरीबों के हित में जो कार्य किये जा रहे हैं, उससे भाजपा का जनाधार बढ़ा है।

अपने अभिनंदन से अभिभूत लुगरिया ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने ही हमारे समाज को सही नेतृत्व व आगे बढ़ने का मौका दिया है। संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों पर यदि कोई राजनीतिक दल मन से चल रहा है, तो वह भाजपा है। उन्होंने समाज के लोगां से आग्रह किया कि वे भाजपा की रीति-नीति को अपनाये क्योंकि भाजपा में उन्हें सम्मान मिलेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में एससी समाज के लिए अनेक शासकीय योजनाएं प्रारंभ की गई। उन्होंने इस दायित्व के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व विधायक सहारण सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने कर्तव्य पर ईमानदारी पूर्वक खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

कार्यक्रम के पश्चात कार्यकर्ताओं ने डीजे के साथ सीताराम लुगरिया कों गाड़ियो का काफिले के साथ जगह-जगह स्वागत किया। इसीक्रम में गढ़ चौराहा, मोचीवाडा, शितला चौक, भांभी बस्ती में आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया ने एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री लुगरिया को एक उर्जावान और कुशल संगठनकर्ता बताया। इस अवसर पर कैलाश शर्मा, कमल सैनी, किशन किरोडीवाल, चन्द्रप्रकाश शर्मा, अजय तंवर अशोक तंवर, कपील चंदेल, रचना कोठारी, दयालसिंह निर्बाण, महेंद्र बावलिया रामस्वरूप सातडा, जंगशेर खान, संदीप लुगरिया, सरपंच मुंदी सोनू कुमार, सुमेर सरदारशहर, निरंजन सरदारशहर, मंडल अध्यक्ष हमीरवास हवाई सिंह इंदौरा, गोविंद लुगरिया, जगदीश खन्ना, रमेश लुगरिया, राजकुमार सातडा, अजीत मेघवाल, सोमनाथ जोड़ी, आनंद रेगर, प्रेम सांसी, सलीम गोरी, सांवरमल सेन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## वार्षिकोत्सव एवं विराट भजन संध्या कल

**लक्ष्मणगढ़**, (निसं)। श्री ढाढण दादी परिवार लक्ष्मणगढ़ का बीसवां वार्षिक उत्सव एवं विराट भजन संध्या 31 मार्च को माहेश्वरी भवन लक्ष्मणगढ़ में मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव में दादी जी का विशेष अलौकिक श्रृंगार अखंड ज्योति भव्य दरबार एवं छप्पन भोग मुख्य आकर्षण रहेंगे। दादी परिवार के संदीप बजाज एवं नरेश बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में देश के अलग-अलग स्थानो से दादी भक्त भाग लेंगे वार्षिकोत्सव में प्रतिष्ठित भजन गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दादी परिवार के अध्यक्ष सुशील बजाज एवं मंत्री मुकेश बजाज ने बताया की लक्ष्मणगढ से पवन शर्मा निर्मल अजमेर से तेजस राणा जयपुर से रीतू पाण्डे जयपुर से महेंद्र स्वामी एवं बूंदू भाई जयपुर मुख्य रूप से गायककार रहेंगे। इसके अलावा स्थानीय गायक भी अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। दादी परिवार के उपाध्यक्ष रतनलाल बजाज पुनीत बजाज एवं राजेश बजाज ने बताया कि इस भव्य वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए अभिषेक बजाज विनोद बजाज प्रफुल्ल बजाज सुमित बजाज दिनेश बजाज सुरेश बजाज अंकित बजाज पीयूष बजाज सहित सभी दादी भक्त तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान आयोजित

**नोहर**, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के नगरमण्डल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान- 2026 के अंतर्गत मण्डल प्रशिक्षण वर्ग नगरमण्डल अध्यक्ष अभिषेक पारीक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण संगठन की विचारधारा, सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम के संकल्प को आत्मसात करने का सशक्त माध्यम है। कार्यकर्ताओं का उत्साह, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण वास्तव में प्रेरणा दायक है।

यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को नई दिशा, नई ऊर्जा और सेवा का नया संकल्प प्रदान करेगा। जिससे संगठन और अधिक सशक्त होकर समाज के हर वर्ग के कल्याण में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस मौके पर प्रशिक्षण वर्ग के तहत प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में जिला संगठन प्रभारी दिनेश दाभाई, जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलु, वरिष्ठ भाजपा नेता काशीराम गोदारा, जिला महामंत्री नंदलाल वर्मा, मण्डल प्रभारी दलीप सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष दलीप बेनीवाल, भाजपा नेता रामकिशन भाकर, जिला प्रवक्ता आशीष पारीक, संदीप साईं, जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह शेखावत सहीत मुख्य वक्ताओं ने पार्टी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम सोशल मीडिया जिला संयोजक प्रवीण कटारिया, संयोजक प्रद्युम्न व्यास, वर्ग प्रमुख शैलेन्द्र वर्मा, उर्मिला बिजारणियां, नरेंद्र चौधरी, रमेश बेनीवाल, महेश अग्रवाल, वाचस्पति व्यास, कुलदीप सहू, ओम प्रकाश बिजारणियां, अजीत सिंह राठौड़, कृष्ण जोशी, अमित ढूंढानी, नीलम चारण, डॉ मोनिका गुप्ता, ऊषा देवी, दर्शना देवी, सुरेंद्र गालड,श्रवण मौर्य, पंकज पारीक, गौतम जैन, दशरथ गौड़,हिना चारण ,देवीलाल पारीक, मोहन लाल डाबी, राजकुमार जोशी,कुंदन उपाध्याय, विनोद सिखवाल, विजय पाल स्वामी, कृष्ण गोदारा,सुभाष तिवाडी सहित मण्डल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दो अवैध पिस्टल सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोहर**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना रविवार शाम को नोहर थाना पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान की जानकारी दी।

प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सुभाष पूनिया एवं नोहर थानाधिकारी अजय गिरधर भी मौजूद रहे। एस.पी ने बताया कि नशा तस्करी, अवैध हथियार, जुआ-सट्टा और संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। भिरानी पुलिस की कार्रवाई: हिस्ट्रीशीटर पिस्टल सहित गिरफ्तार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी के सुपरविजन में भिरानी थाना पुलिस ने थानाधिकारी के नेतृत्व में गश्त के दौरान रोही अमरपुरा क्षेत्र से हिस्ट्रीशीटर अनिल उर्फ चोटिया उर्फ गुरु (निवासी सागडा) को दो अवैध देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जिसका अनुसंधान उपनिरीक्षक कुंजीलाल कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस, आबकारी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास, चोरी और मारपीट सहित करीब 20 मामले दर्ज हैं।

**नोहर पुलिस की कार्रवाई:-** पुलिस ने 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित शहनवाज उर्फ सद्दाम (निवासी इन्द्रा कॉलोनी, नोहर) की रिपोर्ट पर दर्ज मामले में बताया गया कि आरोपियों ने उसे एक व्यक्ति की हत्या करने के लिए दबाव बनाया और मना करने पर मारपीट कर फिरौती की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोनू (निवासी खचवाना) एवं संदीप (निवासी फेफाना) को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने मुख्य आरोपियों को शरण देने और उनकी गतिविधियों में सहयोग किया। साथ ही उनका संपर्क हिस्ट्रीशीटर अनिल उर्फ गुरु से भी पाया गया है। पुलिस के अनुसार यह एक सक्रिय गैंग है, जो फिरौती के लिए गंभीर अपराधों को अंजाम देने की योजना बना रहा था। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। अंत में एस.पी नरेन्द्र सिंह मीना ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## सार-समाचार

### राजसखी मेले का निरीक्षण किया

**हनुमानगढ़**, (निसं)। 'राजसखी मेला-2026' का रविवार को भव्य समापन हुआ। गौरतलब है कि राजसखी मेला-2026 हनुमानगढ़ टाऊन के भटनेर फोर्ट स्कूल ग्राउंड में 23 मार्च से शुरू हुआ था। मेले का जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने पहुंचकर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर महिलाओं से संवाद किया और उत्पादों की गुणवत्ता, लागत व मार्केटिंग से जुड़ी जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने महिलाओं को नवाचार अपनाने और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद विकसित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे मेले महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं न केवल अपने परिवार की आय बढा रही हैं, बल्कि समाज में नई पहचान भी बना रही हैं। इस प्रकार के आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें उद्यिमता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। मेले में आयोजित सांस्कृतिक संध्या मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बीकानेर से आए कलाकारों ने 'केसरिया बालम' सहित राजस्थानी लोक गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं गिद्धा और भांगडा की ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। बडी संख्या में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने मेले में पहुंचकर हस्तशिल्प उत्पादों व व्यंजनों का आनंद लिया।

### दो दिवसीय सेवा शिविर 31 से

**लक्ष्मणगढ़**, (निसं)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लक्ष्मणगढ नागरिक परिषद की ओर से सालासर पद यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर सालासर मार्ग पर सनवाली गांव स्थित जांगिड व्यावसायिक परिसर में 31 मार्च और 1 अप्रैल को आयोजित होगा। शिविर का शुभारम्भ नागरिक परिषद की कोलकाता स्थित केन्द्रीय इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुगल किशोर जाजोदिया व अशोक चूडीवाला, केन्द्रीय सचिव संदीप तोदी व सह सचिव सुरेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार सुबह सवा ग्यारह बजे श्रीराम-हनुमान की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक आरती गायन के साथ होगा। परिषद के सचिव निशान्त गोयनका ने बताया कि शिविर में शीतल तरबूज रस, गर्म चाय-कॉफी, शुद्ध पेयजल तथा अल्पाहार के साथ पद यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा शिविर स्थल पर पद यात्री अल्प विश्राम भी कर सकेंगे।

### गांजा बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**सीकर** (निसं)। सीकर की जीणमाता थाना पुलिस ने गांजा बेचने के मामले में बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। बुजुर्ग के पास से 237.85 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दिया है। राकेश कुमार मीणा के मुताबिक आरोपी भोलूराम (35) पुत्र नाथूराम निवासी कोछोर को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल पुलिस टीम रात को गश्त कर रही थी। इसी दौरान खालडा एरिया की तरफ सड़क किनारे एक बुजुर्ग हाथ में थैला लेकर पैदल घूमते नजर आया। पुलिस की गाड़ी को देखकर उसने भागने की कोशिश की। पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। इसलिए पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो थैले से 237.85 ग्राम गांजा मिला। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग आरोपी किसी बड़े तस्कर से गांजा खरीदकर लाता और फिर जीणमाता तथा आसपास के ग्रामीण एरिया में पुड़िया बनाकर बेचता था।

### श्रीरामोत्सव धर्मयात्रा दो अप्रैल को निकलेगी

**नोहर**, (निसं)। कस्बे में आगामी 2 अप्रैल को निकाली जाने वाली भव्य श्रीरामोत्सव धर्मयात्रा को लेकर माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। तहसील में पूरी तरंह प्रचार-प्रसार का कार्य जोरों पर जारी है और आमजन में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में रविवार को धर्मयात्रा के संयोजक रमेश बड़सीवाल के नेतृत्व में भामाशाह समाजसेवी सुरेश पांडिया, चौथमल पांडिया, महावीर गैना, सोनू, बजरंग स्वामी, मोहन लाल डाबी, डॉ. रणजीत, राकेश जोशी, अजय राठौड, अशोक सोनी, प्रदीप पारीक, तनु पंडा सहित कई नागरिकों की उपस्थिति रही।

